भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)
दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी

प्रेस विज्ञप्ति

22 जून, 2015

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की मेडिकल सेंटर में नन के साथ सामूहिक बलात्कार की निंदा

राज्य की राजधानी की एक मेडिकल सेंटर में 20 जून को एक नन के साथ हुए सामूहिक बलात्कार की हमारी पार्टी कड़ी निंदा करती है और दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करके कड़ी सजा दिलाने की बजाय मामले को रफा–दफा करने की राज्य सरकार की शर्मनाक कोशिशों के खिलाफ आन्दोलन को तेज करने राज्य के तमाम लोगों, मानवाधिकार संगठनों का आह्वान करती हैं। चूंकि राज्य और केंद्र की हिन्दुत्व फासीवादी भाजपा सरकारों द्वारा धार्मिक अल्प संख्यकों पर हमलों व जबरन धर्मांतरण को भरपूर संरक्षण दिया जा रहा है इसलिए ऐसे मामलों में सरकारों की साजिशाना लापरवाही व सुनियोजित लीपापोती जगजाहिर है। राज्य में ही नहीं देश भर में भाजपा के सत्तासीन होने के बाद से महिलाओं का बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, महिलाओं पर अत्याचार, यौन उत्पीडन के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस मामले को लेकर अपने पूर्ववर्ती युपीए सरकार पर हल्ला बोलने वाले मोदी अब चुप हैं। मानव तस्करी के मामलें खासकर लडकें, लडकियों व युवतियों की खरीद–फरोख्त बेरोकटोक जारी है। बच्चियों व युवतियों को देह व्यापार के लिए बेचे जाने के मामले में राज्य अव्वल दर्जे पर आ गया है। राज्य के आदिवासी बहुल इलाकों से यह सबसे ज्यादा चल रहा है। मानव तस्करी के माफिया के साथ सत्ताधीशों, राजनेताओं के गंठजोड़ के चलते इस पर कोई अंकुश लगना संभव नहीं है। हमारी पार्टी राज्य की जनता, जनवादियों, धार्मिक अल्प संख्यकों, दलितों, आदिवासी सामाजिक संगठनों बुद्धिजीवियों व मानवाधिकार संगठनों का आह्वान करती है कि वे महिलाओं व बालिकाओं पर अत्याचारों व मानव तस्करी के खिलाफ एक मजबूत आन्दोलन का निर्माण करें।

गुड्सा उसेण्डी

(गुड्सा ऊसेण्डी)
प्रवक्ता,
दण्डकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी,
भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी)